'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक : 250 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रुपए सोमवार , 25 नवंबर , 2024 samachargate@gmail.com



संक्षिप्त समाचार

## बुरे फंसे नेतन्याहू, भविष्य पर खड़े हुए सवाल

- विदेश में गिरफ्तारी वारंट, इजरायल में चल रहा भ्रष्टाचार का मुकदमा



तेल अवीव (एजेंसी)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू फिलहाल एक मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। उन पर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय, दोनों स्तर पर कानूनी मामले चल रहे हैं। एक तरफ अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने गुरुवार को नेतन्याहू के खिलाफ गाजा में युद्ध अपराध के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। वहीं दूसरी ओर नेतन्याहू को इजरायल में भी भ्रष्टाचार के एक मुकदमे में गवाही देनी है। दोनों ही मामले उनके लिए मुश्किल खड़ी कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, नेतन्याहू के खिलाफ इजरायल में लंबे समय से भ्रष्टाचार का मामला चल रहा है। दोषी पाए जाने पर कैरियर का खात्मा हो सकता है।

## भारत ने 300 अरब डॉलर का क्लाइमेट पैकेज किया खारिज

- सीओपी-29 में कहा-इतने से विकासशील देशों की जरूरतें पूरी नहीं होगी



बाकू (एजेंसी)। भारत ने अजरबैजान की राजधानी बाकू में 29वीं कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज के दौरान विकासशील देशों की मदद के लिए बनाए गए 300 अरब डॉलर के क्लाइमेट फाइनेंस पैकेज को खारिज कर दिया। भारत ने इस रकम को विकासशील देशों की जरूरतों के मुकाबले काफी कम बताया। भारतीय डेलिगेशन की तरफ से चांदनी रैना ने कहा, हम इससे काफी निराश हैं। विकसित देश अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने के इच्छुक नहीं हैं।

## अब देश में कोई उपचुनाव नहीं लड़ेगी बीएसपी

- खराब नतीजे के बाद मायावती का बड़ा ऐलान, ईवीएम पर फोड़ा ठीकरा



लखनऊ (एजेंसी)। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने उपचुनाव के नतीजों के बाद बड़ा फैसला किया है। उन्होंने देश में कोई भी उपचुनाव नहीं लड़ने का ऐलान करते हुए कहा कि बैलट से धांधली तो होती ही थी अब ईवीएम से भी धांधली होने लगी। इसलिये बसपा ने यह निर्णय किया है कि वह देश के किसी भी राज्य में अब कोई भी उपचुनाव नहीं लड़ेगी। यूपी की पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा,यूपी में 9 सीटों पर हुए चुनाव और फिर उसके नतीजे के बाद लोगों में ईवीएम को लेकर आम चर्चा है। पहले देश में बैलेट पेपर के जरिए चुनाव जीतने के लिए सत्ता का दुरुपयोग करके फर्जी वोट डाले जाते थे।

# ऋषभ पंत बने आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे प्लेयर



### लखनऊ ने 27 करोड़ की बोली लगाकर खरीदा

जेद्दा (एजेंसी)। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे क्रिकेटर बन गए हैं। सऊदी अरब के जेद्दाह में चल रहे आईपीएल मेगा ऑक्शन में लखनऊ सुपर जायंट्स ने उन्हें 27 करोड़ रुपए में खरीदा। इसी ऑक्शन में आईपीएल इतिहास के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी श्रेयस अय्यर बने। उन्हें पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ की बोली लगाकर खरीदा। इस ऑक्शन में बिकने वाले वह पहले कप्तान हैं। पहली बार ऑक्शन में आए ऋषभ पंत ने चंद मिनटों के भीतर ही आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे प्लेयर बनने का रिकॉर्ड तोड़ दिया। स्टार विकेटकीपर पर लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ की मोटी बोली लगाकर हर किसी को हक्का-बक्का कर दिया। इस तरह लखनऊ सुपर जाययंट्स ने शायद अपना नया कप्तान भी चुन लिया है। चंद मिनट पहले ही पंजाब किंग्स



### श्रेयस को पंजाब ने 26.75 करोड़ दिए

को श्रेयस अय्यर ने 26 करोड़ 75 लाख रुपये की मोटी बोली लगाकर अपने साथ जोड़ा था, जो आईपीएल की सबसे बड़ा बोली का रिकॉर्ड भी था। 2016 में फाइनल तक पहुंची अंडर-19 वर्ल्ड कप टीम के विकेटकीपर रहे ऋषभ पंत दिल्ली के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। बड़े-बड़े शॉट लगाने की क्षमता ने उन्हें आईपीएल में हाथों-हाथ एंट्री दिला दी। दिल्ली डेयरडेविल्स (दिल्ली कैपिटल्स) ने उन्हें अपने साथ जोड़ा। 2016 से 2022 तक उन्होंने लगातार दिल्ली की ओर से दम दिखाया। ऋषभ पंत ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए 111 मैच में 3284 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और 18 अर्धशतक शामिल हैं। 128 उनका बेस्ट स्कोर रहा है, जो उन्होंने 2018 में बनाया था। वहीं 29 साल के श्रेयस अय्यर ने 2015 में आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते हुए डेब्यू किया था।

# मन की बात: पीएम मोदी ने फिर किया डिजिटल अरेस्ट का जिक्र

### बोले-लोगों को समझाना होगा सरकार में इसका प्रावधान नहीं, यह लोगों को फंसाने की साजिश

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात रेडियो शो के 116वें एपिसोड में स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती, एनसीसी दिवस, गयाना यात्रा, लाइब्रेरी जैसे मुद्दे पर बात की। पिछली बार की तरह पीएम मोदी ने कहा- हमें बार-बार लोगों को समझाना होगा कि सरकार में डिजिटल अरेस्ट का कोई प्रावधान नहीं है। यह एक खुला झूठ और लोगों को फंसाने की साजिश है। 115वें एपिसोड में उन्होंने डिजिटल अरेस्ट जैसे फ्रॉड से बचने के लिए तीन स्टेप रुको, सोचो और एक्शन लो अपनाने की बात कही थी। पीएम ने एनसीसी डे पर कहा कि जब हम एनसीसी का नाम सुनते हैं, हमें अपने स्कूल और कॉलेज के दिन याद आ जाते हैं। मैं खुद एनसीसी कैडेट रह चुका हूं, इसलिए मैं पूरे




आत्मविश्वास से कह सकता हूं कि उससे मिले अनुभव मेरे लिए अमूल्य हैं। 024 तक एनसीसी से 20 लाख से ज्यादा युवा जुड़े हैं। पहले की तुलना में, 5 हजार नए स्कूलों और कॉलेजों में एनसीसी का प्रावधान किया गया है। पहले एनसीसी में लड़कियों की संख्या सिर्फ 25 फीसदी थी। अब यह बढ़कर लगभग 40 फीसदी हो गई है, जो एक बड़ा बदलाव है। एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना विकसित करती है। जब भी कहीं आपदा होती है, चाहे वह बाढ़ हो, भूकंप हो या कोई अन्य दुर्घटना, एनसीसी कैडेट वहां मदद के लिए जरूर मौजूद रहते हैं। 2025 स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती के रूप में मनाया जाएगा और इसे खास तरीके से मनाने की तैयारी है।

स्वामी विवेकानंद की जयंती पर 11-12 जनवरी को दिल्ली के भारत मंडपम में युवा विचारों का एक महाकुंभ आयोजित किया जाएगा। इसका नाम विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग रखा गया है। देश में 1 लाख ऐसे नए युवाओं को राजनीति से जोड़ने के लिए विशेष अभियान भी चलाए जाएंगे।

## रूस ने यूक्रेन के कब्जे से छुड़ाई अपनी 40 फीसदी जमीन

- कुर्स्क की 1376 स्क्वेयर किमी जमीन यूक्रेन ने कब्जाई थी, अगस्त में किया था हमला

कीव (एजेंसी)। यूक्रेन ने अगस्त में रूस के कुर्स्क इलाके में अचानक हमले किए थे। इस दौरान यूक्रेन ने कुर्स्क के एक बड़े इलाके पर कब्जा कर लिया था। हालांकि अब रूस ने यूक्रेन के कब्जे में से 40 फीसदी जमीन को वापस छीन लिया है। इसकी जानकारी यूक्रेन के जनरल स्टाफ के एक अधिकारी ने दी। अधिकारी के मुताबिक यूक्रेन ने कुर्स्क प्रांत में 1376 स्क्वेयर किमी जमीन कब्जा कर लिया था।

## तीन राज्यों में बर्फबारी 9 में छाया घना कोहरा

- एमपी-राजस्थान और छत्तीसगढ़ के 15 शहरों में तापमान लगातार दूसरे दिन 10 डिग्री से नीचे



नई दिल्ली/ भोपाल/ जयपुर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ अब हिमाचल प्रदेश और लद्दाख में भी बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। हिमाचल के कुल्लू जिले के रोहतांग पास और अटल टनल के पास रविवार को बर्फबारी हुई। वहीं, जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, गुलमर्ग, बांदीपोरा और लद्दाख के लेह में भी रविवार को बर्फबारी हुई। तीनों राज्यों में सोमवार को भी बर्फ गिरने का अनुमान जताया गया है। मौसम विभाग ने देश के 8 राज्यों में घना कोहरा छाने का भी अनुमान जताया है। इनमें पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली शामिल हैं।

# यूपी के संभल में भारी हिंसा, तीन लोगों की मौत



### कमिश्नर ने कहा-छतों से फायरिंग हुई, परिजन बोले-पुलिस की गोली से मौत

संभल (एजेंसी)। संभल की जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान भड़की हिंसा में तीन युवकों की मौत हो गई। एसपी संभल ने इसकी पुष्टि की है। एक युवक के परिजन का दावा है कि पुलिस की गोली से मौत हुई है। इधर, दो लोगों की मौत की खबर फैलते ही शहर में फिर तनाव हो गया। सपा सांसद बर्क के इलाके में पथराव की घटना हुई है। हिंसा के बाद डीआईजी, आईजी मौके पर पहुंच चुके हैं। दरअसल, रविवार सुबह मस्जिद के सर्वे के लिए टीम



पहुंची थी। इस दौरान करीब दो हजार की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग पहुंच गए। उन्होंने सर्वे का विरोध किया। भीड़ मस्जिद के अंदर जाने पर अड़ गई। पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। इसके बाद भगदड़ जैसे हालात हो गए। अचानक पथराव शुरू हो गया, पुलिस को भागना पड़ा। बवाल इतना बढ़ गया कि पुलिस ने पहले आंसू गैस के गोले दागे फिर लाठीचार्ज करके भीड़ को खदेड़ा।

### मुख्यमंत्री पद पर सस्पेंस बरकरार, दो डिप्टी सीएम रहेंगे कायम

## आज हो सकता है 'महायुति' सरकार का शपथ ग्रहण

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में शानदार जीत दर्ज करने के बाद, भाजपा-नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने सरकार बनाने का दावा पेश करने की तैयारी कर ली है। शिवसेना (शिंदे गुट) के वरिष्ठ मंत्री दीपक केसरकर ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह कल यानी सोमवार को आयोजित होने की संभावना है। शपथ से पहले मुख्यमंत्री पद को लेकर भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस और एकनाथ शिंदे के बीच कड़ी टक्कर है। रिपोर्ट के मुताबिक, शपथ ग्रहण समारोह में केवल मुख्यमंत्री और उनके संभावित डिप्टी शपथ लेंगे। कैबिनेट में शामिल अन्य मंत्रियों के नामों पर अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इसके अलावा, सीएम पद को लेकर अंतिम फैसला गठबंधन के सहयोगियों के साथ चर्चा के बाद ही लिया जाएगा। फडणवीस ने कहा, मुख्यमंत्री को लेकर कोई विवाद नहीं होगा। यह पहले दिन से तय है कि चुनाव के बाद तीनों दलों के नेता मिलकर फैसला करेंगे। महायुति ने 288 में से 235 सीटें जीतकर भारी बहुमत हासिल किया है। भाजपा ने 132 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की है। वहीं विपक्ष ने मुख्यमंत्री पद को लेकर शिंदे पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें फडणवीस के नेतृत्व में काम करना पड़ सकता है। मुख्यमंत्री पद को लेकर महाराष्ट्र की राजनीति में लंबे समय से खींचतान होती रही है। 2019 में, उद्धव ठाकरे और देवेंद्र फडणवीस के बीच सत्ता साझा करने को लेकर मतभेद के चलते भाजपा और शिवसेना का गठबंधन टूट गया था। इसके बाद कांग्रेस और एनसीपी के साथ मिलकर उद्धव ठाकरे ने महा विकास अघाड़ी सरकार बनाई। हालांकि, 2022 में एकनाथ शिंदे ने ठाकरे के खिलाफ विद्रोह कर दिया और अपने साथ कई विधायकों को लेकर भाजपा के साथ सरकार बना ली। शिंदे तब मुख्यमंत्री बने। बाद में एनसीपी के अजित पवार ने अपने चाचा शरद पवार के खिलाफ बगावत करते हुए शिंदे सरकार को समर्थन दिया।



## बिहार विधानसभा में बीजेपी की और बढ़ी ताकत

पटना (एजेंसी)। बिहार में हुए विधानसभा उपचुनाव में एनडीए को बड़ी जीत मिली है। चारों सीटें जीतकर एनडीए ने अपनी ताकत बढ़ा ली है। इस जीत से जदयू, बीजेपी और हम के विधायकों की संख्या में इजाफा हुआ है, जबकि राजद और कांग्रेस को नुकसान उठाना पड़ा है। चुनाव के बाद 243 सदस्यों वाली बिहार

- 80 विधायकों के साथ बिहार विधानसभा में बन गई सबसे बड़ी पार्टी

विधानसभा में एनडीए के पास अब 137 विधायक हो गए हैं, जबकि विपक्ष के पास 106 विधायक रह गए हैं। रामगढ़ और तरारी सीटों पर जीत के साथ ही बीजेपी अब 80 विधायकों के साथ सदन में सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। वहीं, बेलागंज सीट जीतकर जदयू के विधायकों की संख्या 45 हो गई है। जीतन राम मांझी के सांसद बनने के बाद खाली हुई इमामगंज सीट पर उनकी बहू दीपा मांझी ने जीत हासिल की है, जिससे हम के विधायकों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। हालांकि, राजद के चार और कांग्रेस के दो विधायकों के बागी तेवर अपनाने से इन दोनों दलों की ताकत कम हुई है। फिलहाल राजद के पास 77 और कांग्रेस के पास 19 विधायक हैं, लेकिन बागी विधायकों को हटाकर देखें तो



राजद के पास 73 और कांग्रेस के पास 17 विधायक ही रह जाते हैं। बिहार विधानसभा में कुल 243 सीटें हैं। इनमें बीजेपी के पास 80, राजद के पास 77, जदयू के पास 45, कांग्रेस के पास 19, भाकपा माले के पास 11, हम के पास 4, माकपा के पास 2, भाकपा के पास 2, एआईएमआईएम के पास 1 और 2 निर्दलीय विधायक हैं।



मणिपुर हिंसा

# सात जिलों में लगा इंटरनेट बैन दो दिन और बढ़ाया

- विधायकों के घर पर हमले मामले में अब तक 34 गिरफ्तार
- सुरक्षाबलों की 288 कंपनियां तैनात, इंफाल घाटी में सर्चिंग

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर सरकार ने 7 जिलों में मोबाइल इंटरनेट सर्विस पर लगी रोक को दो दिन के लिए और बढ़ाया गया। इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, काकचिंग, बिष्णुपुर, थौबल, चुराचांदपुर और कांगपोकपी जिलों में 16 नवंबर को पहले दो दिन के लिए इंटरनेट सर्विस बैन की गई थी। मणिपुर में हिंसा लगातार जारी है। इसी को ध्यान



में रखते हुए बैन को लगातार बढ़ाया जा रहा है। गृह विभाग ने नोटिस जारी किया है। इससे पहले 19 नवंबर को सरकार ने ब्रॉडबैंड सर्विस से बैन हटाया था। जिससे स्कूल-कॉलेजों, अस्पतालों, सरकारी ऑफिसों के काम नहीं रुके। वहीं, 16 नवंबर को विधायकों के घरों में तोड़फोड़-आगजनी के मामले में 2 और लोग गिरफ्तार किए गए। पुलिस ने अबतक 34 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक और भी लोगों की तलाश की जा रही है। इसके लिए इंफाल घाटी में सर्चिंग जारी है। 11 नवंबर को जिरिबाम में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 10 कुकी-जो उग्रवादियों को मार गिराया था। इसके बाद मैतेई समुदाय की तीन महिला और तीन बच्चे किडनैप हुए थे। इसके बाद से ही 7 जिलों में हिंसा जारी है। किडनैप हुई महिलाओं और बच्चों के शव मणिपुर की जिरी नदी और असम के कछार में बराक नदी में मिले थे।

## संपादकीय

### माइनॉरिटी स्टेटसः दूरगामी नजरिया

जो यह उम्मीद कर रहे थे कि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के माइनॉरिटी स्टेटस को लेकर लंबे समय से चले आ रहे विवाद पर हां या ना में स्पष्ट जवाब मिल जाएगा, उन्हें सुप्रीम कोर्ट के शुक्रवार को आए फैसले से थोड़ी निराशा हो सकती है। लेकिन सर्वोच्च अदालत के फैसले की अहमियत इस मायने में है कि वह इस मसले को देखने, समझने के तरीकों में निहित कमियों पर रोशनी डालता और उन्हें दूर करता है।



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

पुराना विवाद

इस कानूनी विवाद की जटिलता को इस तथ्य से समझा जा सकता है कि यह आधी सदी से भी ज्यादा पुराना है। इसकी शुरूआत 1967 में अजीज बाशा केस में आए सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले से मानी जाती है जिसमें कहा गया था कि अटव अल्पसंख्यक संस्थान नहीं है क्योंकि यह एक कानून ( अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी एक्ट 1920 ) के जरिए अस्तित्व में आया था। इसके बाद 1981 में सरकार ने अटव एक्ट में संशोधन करते हुए कहा कि इसकी स्थापना मुस्लिम समुदाय द्वारा और मुस्लिम समाज की शैक्षिक और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने के मकसद से की गई थी।

असमंजस क्यों

1981 के संशोधन से वे भ्रम और संदेह पूरी तरह दूर नहीं हुए, जो इस विवाद के मूल में थे। इसकी झलक 2006 में तब मिली, जब इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 1981 के इस संशोधन को निरस्त करते हुए कहा कि अटव को अल्पसंख्यक संस्थान नहीं माना जा सकता क्योंकि सुप्रीम कोर्ट 1967 में ही अजीज बाशा केस में इसका माइनॉरिटी स्टेटस रद्द कर चुका है। इस तरह के परस्पर विरोधी कदमों से असमंजस की स्थिति बनी हुई थी।

संवेदनशील मसले

माइनॉरिटी स्टेटस का सवाल यूनिवर्सिटी प्रबंधन के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं से तो जुड़ा है ही, यहां लागू होने वाली आरक्षण व्यवस्था पर भी निर्णायक प्रभाव डालने वाला है। यूनिवर्सिटी में मुस्लिमों के लिए कितना आरक्षण रहेगा और SC/ST/OBC आरक्षण मिलेगा या नहीं, यह भी इस सवाल के जवाब पर निर्भर करता है।

स्पष्ट हुए मानक

ऐसे में महत्वपूर्ण है कि सुप्रीम कोर्ट ने तात्कालिकता से जुड़े दबावों को दरकिनार करते हुए इस केस को इसकी समग्रता और व्यापकता में देखने का प्रयास किया। 50 साल से भी ज्यादा पुराने विवाद में हुई गलतियों के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट की 7 सदस्यीय बेंच ने स्वाभाविक ही यह साफ करना जरूरी समझा कि किसी संस्थान के माइनॉरिटी स्टेटस की जांच किन मानकों पर की जानी चाहिए। उम्मीद है कि इस फैसले से मिले नए मानदंडों के जरिए न केवल अटव बल्कि भविष्य में अन्य संस्थानों के स्टेटस पर उठने वाले सवालों को भी बेहतर ढंग से हल किया जा सकेगा।

## सदस्यता अभियान को लेकर हरियाणा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक का हुआ आयोजन

(अनिल मोहनियां नूंह)

**बैठक में प्रमुख रूप से अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी, प्रदेश प्रभारी राजीव जैन व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी जाकिर हुसैन का मार्गदर्शन मिला**

**प्रदेश में अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा तेजी से चलाया जाएगा सदस्यता अभियानः जमाल सिद्दीकी**



रविवार को सोनीपत के सेक्टर 7 स्थित भाजपा कार्यालय पर हरियाणा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक आयोजित हुई, जिसमें मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी रहे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी राजीव जैन, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी जाकिर हुसैन पूर्व विधायक व राष्ट्रीय मंत्री डॉक्ट असलम खान ने शिरकत की। बैठक में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के सैंकडों पदाधिकारियों ने शिरकत की तथा सभी अतिथियों का फूलमालाओं के साथ स्वागत किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि जमाल सिद्दीकी ने सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। भाजपा का कार्यकर्ता बहुत ही मेहनती तथा संघर्षशील है। हमारे पार्टी के सबसे बड़े नेता देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व स्तर पर हमारे देश का लोहा मनवाया है। आज उनके नेतृत्व में देश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में भाजपा का सदस्यता अभियान चल रहा है। और लगातार पार्टी से तेजी से लोग जुड़ रहे हैं। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने भी सदस्यता अभियान को तेजी से पूरे देश में चला रखा है। आज भाजपा हरियाणा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों की सोनीपत में भी बैठक आयोजन हुआ है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने का आह्वान किया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी जाकिर हुसैन ने कहा कि सभी कार्यकर्ता पार्टी के सदस्यता अभियान में दिन-रात जुट जाएँ।

हमारे पार्टी के कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं। उन्होंने पार्टी द्वारा लगाई गई सभी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया है। भाजपा द्वारा पूरे देश में 10 करोड़ सदस्य बनाने के टारगेट को बहुत जल्द पूरा कर लिया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी अल्पसंख्यक मोर्चा राजीव जैन, राष्ट्रीय कार्यालय इंचार्ज डॉक्ट असलम, राष्ट्रीय संयोजक सूफी संवाद कार्यक्रम कमाल बाबर, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष जान मौहम्मद, सोनीपत जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, प्रदेश महामंत्री सिकंदर सलमानी, शकील अहमद प्रदेश सचिव, वाजिद अली बल्हेड़ा, आदि मौजूद रहे।

## रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी के लीकेज साइफन का नहीं हुआ समाधान

### -रिसाव ग्रसत पानी से क्षतिग्रसत हो रही सडक

**कनीना सुनील दीक्षित**

कनीना-महेंद्रगढ स्टेट हाईवे नम्बर 24 पर उन्हाणी गांव के समीप से गुजर रही रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी के लंबे समय से रिसावग्रस्त साईफन से सडक मार्ग क्षतिग्रस्त हो रहा है। जिससे सडक हादसों को बढावा मिल रहा है। ईधर अप्रैल माह में घटित हुए स्कूल बस सडक हादसे के बाद जिला प्रशासन की ओर से रोड सेफ्टि के नाम पर विभिन्न मार्गों पर जगह-जगह गति अवरोधक तो बनवा दिए लेकिन रिसावग्रस्त नहरी पुलिया पर लगी उंची-नीची सीमेंट टाईलों को समतल नहीं करने तथा दिनोंदिन टूट रही सडक को दुरूस्त करने की दिशा में कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया जा रहा है। टूटी सडक पर छोटे-बडे सडक हादसे घटित हो चुके हैं,उसके बावजूद भी उसे नजरअंदाज किया जा रहा है। कनीना-महेंद्रगढ स्टेट हाइवे नम्बर 24 पर उन्हाणी गांव के समीप से गुजर रही करीब 25 किलोमीटर लंबी रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी के लीकेज साईफन से टूटी सडक को वर्षों बाद भी ठीक नहीं किया जा सका है। करोडों रुपए की लागत से इस रजवाहे को आरसीसी पक्का करने के साथ-साथ अटेली



रोड़ से रेवाड़ी रोड़ तक अंडरग्राउंड करने का कार्य पूरा किया जा चुका है। किंतु लंबे समय से लीकेज साइफन को दुरूस्त नहीं किया गया है। नहर में पानी छोडे जाने पर रिसाव होने से सडक में गड्ढे बन रहे हैं। बरसात के समय और अधिक बुरा हाल हो जाता है। यहां पर रोड सेफ्टि के दावे तार-तार हो रहे हैं। इस बिंदू को लेकर नहर तथा लोक निर्माण विभाग एकदूजे पर जिम्मेवारी थोंप रहे हैं। नहर विभाग के अधिकारी लीकेज साइफन को ठीक करने की बजाय सडक मार्ग के चैडीकरण का बहाना बना रहे हैं जबकि लोक निर्माण विभाग के अधिकारी नहर विभाग से साइफन को दुरूस्त करने के बाद सडक निर्माण करने की आस लगाए बैठें हैं। कनीना-अटेला मार्ग पर रेलवे ओवर ब्रिज का कार्य शुरू होने के कारण इस मार्ग पर वाहनों का दबाव बढ गया है। नतीजतन आमजन परेशान है वहीं सडक हादसों को बढावा मिल रहा है। पुलिया लीकेज होने से सडक के दोनों ओर पानी जमा हो जाता है जो वाहनों के आवागमन के कारण दोनों ओर सडक पर पंहुच जाता है। जिससे सडक में गहरे गड्ढे बन गए हैं। वाहन चालकों पवन कुमार, सत्यवीर सिंह, डॉ.विजय शर्मा,मुकेश कुमार, सुनील कुमार,राहुल मित्तल, अशोक कुमार, कैलाशचंद,राजसिंह, नवीन,प्रताप सिंह ने लोक निर्माण विभाग से सडक निर्माण की मांग की है। इस बारे में नहर विभाग के एक्सईएन अजेंद्र सुहाग का कहना है कि रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी के उपर से पुलिया बनवाने के लिए ऐस्टीमेट तैयार किया जा रहा है। रोड सेफ्टी को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से टूटी सडक को दुरूस्त करवाने को कहा गया है। जल्द ही टूटे रोड से निजात मिलेगी।

## होटल में ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्ति का रिकार्ड रखें संचालक, अन्यथा होगी कार्रवाईःथाना इंचार्ज



**कनीना सुनील दीक्षित**

सभी होटल संचालक होटल में ठहरने वाले व्यक्ति का विधिवत रिकार्ड रखें अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। होटल में कमरा किराए पर लेने वाले बाहरी एवं स्थानीय लोगों का आईडी प्रूफ तथा रजिस्टर मेंटेन करना जरूरी है। कनीना शहर थाना प्रबंधक रविंद्र कुमार ने कनीना में आयोजित होटक संचालक-मालिकों के साथ बैठक कर ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कनीना में करीब दर्जनभर से अधिक होटल संचालित हैं। सुरक्षा के दृष्टिगत उनमें सीसीटीवी कैमरे, उनकी रिकॉर्डिंग व कमरे में ठहरने वाले व्यक्ति का रिकार्ड रखना अनिवार्य है। होटल में बिना आईडी प्रूफ के कमरा किराए पर देने तथा किराएदार नाबालिक पाए जाने पर होटल मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## भारत विकास परिषद् हरियाणा पश्चिमी प्रांत द्वारा 'भारत को जानो' प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**सिवानी। सोनिका सूरा**



आज भारत विकास परिषद् हरियाणा पश्चिमी प्रांत द्वारा भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन प्रांतीय स्तर पर विवेकानंद शाखा हिसार द्वारा मॉडर्न डिफेंस स्कूल हिसार में भारत को जानो प्रतियोगिता करवाई गई । जिसमें भारत विकास परिषद शाखा सिवानी की कनिष्ठ वर्ग टीम प्रांत में प्रथम स्थान पर रही । यह टीम अऊऊअर स्कूल गुरेरा से है । स्कूल की अध्यापिका सुमन गोदारा ने दोनों विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करवा के सिवानी का नाम रोशन किया है। टीम के मार्गदर्शन के लिए देवीलाल गोदारा मुकेश शर्मा हंसराज तरड़ विमला देवी द्वारा किवागया । इस मौके पर जूनियर टीम के दोनों विद्यार्थियों धर्मांशु तथा वर्षा जो दोनों सगे भाई बहन हैं संस्था के अध्यक्ष प्रणव गोयल जिला समन्वयक सांवरमल बंसल जयपाल देहडू कृष्ण वर्मा राजेश कुमार मेहरिया सीमा बिश्नोई सत्यवान जांगड़ा अनिलबंसल केडिया प्रेम टोकस ब्रह्म प्रकाश बेनीवाल रामनिवास बंसल सुभाष जोधकरण सुभाष शयोराण मोहित बंसल रवींद्र वर्मा मोहनलाल गोयल बजरंग शर्मा बाबूलाल जिंदल सुनीता जनवा आदि सदस्यों ने संस्था के सदस्यों दोनों विद्यार्थियों तथा स्कूल के प्राचार्य एवं सभी अध्यापकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है जिनके बदौलत आज सिवानी का नाम रोशन किया है।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित : उपायुक्त प्रशांत पंवार

### - तीस नवंबर तक भेजे जा सकते हैं आवेदन

**अनिल मोहनियां नूंह**

हरियाणा राज्य महिला एवं बाल विकास विभाग ने 30 नवंबर तक राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर होनहार एवं प्रतिभावान लड़कियों को दिए जाने वाले पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। राष्ट्रीय बालिका दिवस हर साल 24 जनवरी को मनाया जाता है। उपायुक्त प्रशांत पंवार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 18 वर्ष की आयु तक की बेटियों को विशेष उपलब्धि हासिल करने पर राज्य सरकार की ओर से उन्हें राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जाता है। इसके अलावा बेटियों की भलाई के लिए काम करने वाली संस्थाओं, समाजसेवी नागरिकों को भी पुरस्कार दिए जाते हैं। जिसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से 30 नवंबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ये आवेदन विभाग की वेबसाइट scrwharyana@gmail.com



पर भिजवाए जा सकते हैं। अगर 60 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांग छात्राओं की कोई उपलब्धि है तो उन्हें भी पुरस्कार के लिए चुना जा सकता है। उन्होंने बताया कि खेलों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त कर चुकी खिलाड़ियों तथा राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल करने वाली लड़कियों को पुरस्कार के लिए चुना जा सकता है। उपायुक्त के माध्यम से बहादुरी, समाजसेवा, चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट, मीडिया या साहित्य उत्कृष्ट उपलब्धियां प्राप्त कर चुकी बेटियां पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकती हैं। सांस्कृतिक स्पधाओं में राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वालो छात्राएं राष्ट्रीय बालिका दिवस पर पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकती हैं। इस पुरस्कार की राशि 11 हजार रूपए की है। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग के सहयोग से 4 से 6 साल, 6 से 10 साल, 10 से 14 साल और 14 से 18 साल तक की आयु वर्ग में स्पॉट पेंटिंग तथा 6 से 10 साल, 10 से 14 साल व 14 से 18 साल के आयु वर्ग में गीत, नृत्य की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं। इनमें राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान अर्जित करने वाली लड़कियों को क्रमशः 5100, 2100 व 1100 रूपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

## श्याम सुंदर सांगवान शिक्षक के साथ साथ

### पर्यावरण पहरी और रक्त दान में दे रहे है योगदान

**सिवानी/लोहारू। सोनिका सूरा**



लोहारू के गांव गिगनाऊ निवासी मा. श्यामसुंदर सांगवान ने शिक्षा के साथ-साथ समाजसेवा के रूप में पर्यावरण मित्र, रक्तदाता, अंधता निवारण कार्यक्रमों व चिकित्सा शिविरों के माध्यम से अल्पकाल में ही जो पहचान बनाई वह न केवल काबिलेतारीफ है बल्कि अन्य के लिए भी एक मिशाल है। गांव गिगनाऊ निवासी श्यामसुंदर सांगवान को शिक्षा क्षेत्र में अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों व विद्यालय में दिए गए शत प्रतिशत परीक्षा परिणामों की बदौलत वर्ष 2012 में शिक्षक दिवस पर राजभवन हरियाणा में आयोजित समारोह में वर्ष 2010 के शिक्षक पुरस्कार से राज्यपाल जगन्नाथ पहाडिड्ढा व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने सम्मानित किया गया था। श्यामसुन्दर सांगवान ने 1994 में जेबीटी अध्यापक से अपना सफर शुरू किया तथा इसके बाद वर्ष 2000 में सामाजिक शिक्षा के अध्यापक के पद पर प्रोन्नत हुए। 2016 में राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता के पद पर प्रमोशन पाकर शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं स्वतंत्रता सेनानी चौधरी जगराम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गिगनाऊ में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं इस दौरान उन्होंने सदैव अपने विषय में सौ फीसदी परीक्षा परिणाम देकर एक मिसाल कायम की। शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी सांगवान ने अपनी अहम भूमिका निभाई तथा अब तक वे करीब 75 से अधिक बार रक्तदान भी कर चुके है तथा साथ ही दर्जनों रक्तदान शिविरों का भी सफलतापूर्वक आयोजन करवा चुके है। पर्यावरण व स्वच्छता क्षेत्र में भी उन्हें अनेक बार सरकार, प्रशासन व विभिन्न सामाजिक संस्थाओं की ओर से सम्मानित किया जा चुका है। रेडक्रास सोसायटी द्वारा जिले में चलाए गए अंधता निवारण कार्यक्रम में उल्लेखनीय प्रदर्शन कर भिवानी के तत्कालीन उपायुक्त टी.एल सत्यप्रकाश द्वारा सम्मान हासिल कर चुके है।2023 में रक्तदान के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य के लिए तत्कालीन जिला उपायुक्त भिवानी श्री नरेश नरवाल आईएएस द्वारा भी सम्मानित किए जा चुके हैं।

## कनीना के निमार्णाधीन लघु सचिवालय का निर्माण कार्य अंतिम चरण में

### -बिजली-पानी तथा फर्नीचर फिटिंग के बाद जनवरी 2025 में होगा सुपुर्द

**कनीना सुनील दीक्षित**

कनीना में मार्च 2022 से शुरू किए गए लघु सचिवालय भवन का निर्माण कार्य जनवरी 2025 तक फिनिश होने की संभावना है। लोक निर्माण विभाग की देखरेख में इसका कार्य हांलाकि धीमी गति से चला है जिसके चलते करीब 9 से 12 माह का समय एक्सटेंड करवाना पडा। अब भवन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है लेकिन रंग-रोगन,बिजली फिटिंग, अगिनशमन यंत्र, खिडकी दरवाजे सहित फर्नीचर का कार्य बाकी है। इस कार्य के पूरा होने के बाद आमजन को एक ही छत के नीचे सभी कार्यालय संचालित होने की सुविधा मिलेगी। बता दें कि प्रदेश की पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव के संयोजन में तत्कालीन सीएम मनोहर लाल ने वर्ष 2015 में राजकीय महाविद्यालय कनीना के प्रांगण में आयोजित जनसभा में इसके बजट अलाट करने करने की घोषणा की थी। 2019 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद विधायक सीताराम यादव,अभय सिंह व केंद्रीय वजीर राव इंद्रजीत सिंह एवं हाईकोर्ट के न्यायधीश की उपस्थिति में 23 मार्च 2022 को उप मंडल स्तरीय न्यायालय भवन तथा लघु सचिवालय का शिलान्यास किया किया गया था। लघु सचिवालय का कार्य प्रारंभ कर दिया गया था जबकि उपमंडल स्तरीय न्यायालय भवन का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हो सका है। बिना उचित भवन के कनीना में संचालित दो नियमित एवं एक साप्ताहिक फेमिली कोर्ट भी जैसे-तैसे काम चला रही हैं। अधिवक्ता भी गर्मी-सर्दी एवं बारिश में टीनशैड के नीचे बैठकर कार्य करने को मजबूर हैं। बहरहाल लघु सचिवालय का कार्य पूरा होने के बाद आमजन को सुविधा मिलेगी। अटेली हलके की नवनिर्वाचित विधायक एवं प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव द्वारा भवन का उद्घाटन किया जायेगा। एसडीएम अमित कुमार बताया कि निर्माण कर रही कम्पनी को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण का कार्य पूरा होने पर एसडीएम कार्यालय सहित अन्य उपमंडल स्तरीय कार्यालय नए भवन में संचालित होगें।

## रक्तदान से बड़ा दुनिया में कोई दान नहीं है: देवेन्द्र चौधरी

### समाजसेवी स्व0. चिमन लाल बंसल जी की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर महोत्सव का आयोजन





**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** भारत विकास परिषद संस्कार शाखा व रोटरी क्लब आफ फरीदाबाद एनआईटी के सहयोग से समाजसेवी स्व0. चिमन लाल बंसल जी की पुण्यतिथि के अवसर रक्तदान शिविर महोत्सव का आयोजन सेक्टर 11-12 डिवाईडिंग कोर्ट रोड़ स्थित सुशील कार बाजार में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में निर्वतमान वरिष्ठ उपमहापौर देवेन्द्र चौधरी मौजूद थे। इसके अलावा पूर्व चेयरमेन विनोद चौधरी,अनिल नागर,शाखा सरंक्षक अमर बंसल छाडिड्ढा,रोटरी ब्लड बैंक सेक्टर-9 के प्रधान प्रेम पसरीचा,रोटरी क्लब एनआईटी के प्रधान विरेन्द्र मेहता मौजूद थे। इस शिविर में कुल 62 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर निर्वतमान वरिष्ठ उपमहापौर देवेन्द्र चौधरी ने कहा कि में इस नेक कार्य के लिए विरेन्द्र बसंल,सुशील बंसल व लक्ष्मण बंसल को बधाई देता हुं क्योंकि अपने बुजुर्गों को याद करने का इससे बेहतर तरीका नहीं हो सकता,जिसमें आप समाज की भी सेवा कर रहे है और बुजुर्गों को भी याद कर रहे है। स्व0. चिमन लाल जी को सच्ची श्रद्धांजलि है इस रक्तदान के जरिए। देवेन्द्र चौधरी ने कहा कि रक्तदान से बढ़ा दुनिया में कोई दान नहीं है। सुशील बंसल व विरेन्द्र बंसल ने स्वंय भी रक्तदान करते हुए कहा कि हमने यह प्रेरणा अपने पिता जी से ली है कि जरूरत के समय हमेशा किसी की सेवा करनी चाहिए। हम पूरी कोशिश करते है कि उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में कुछ योगदान दे सके। अमर बंसल छाडिड्ढा ने कहा कि रक्त ईश्वर दे सकता है या इंसान और कोई दूसरा जरिया नहीं है। कोई भी स्वस्थ व्यक्ति साल में 4 बार ,जिसका हीमोगलोबिन 12.5 से ज्यादा हो तथा उम्र 18 से 62 वर्ष हो,वजन 50 किलो से ज्यादा हो। जीवन को लंबा जीने के लिए इससे बड़ा कोई मंत्र नहीं है। रक्तदाता बधाई के पात्र है। आपका दिया हुआ रक्त 4 लोगों की जान बचाता है। इस अवसर पर अमर बंसल छाडिड्ढा ने 81वीं बार बेटे धनजंय बंसल ने 19वीं बार रक्तदान किया। इस मौके पर रक्तदानवीरों को प्रमाणपत्र और उपहार दिए गए तथा आयोजकों ने कहा कि रक्तवीर के परिवार वाले साधुवाद के पात्र है। इसके बाद राहगीरों को प्रसाद भी वितरित किया गया। इस अवसर पर नरेश बंसल,अमर बंसल छाडिड्ढा,अनिल गर्ग, अनूप गुप्ता, प्रदीप टिबरेवाल, रंती देव गुप्ता, सुरिंदर बंसल, धनजया बंसल, गौरव बंसल, प्रवीण गोयल, मोनिका मक्कड़, कैलाश शर्मा, प्रेम पसरीजा, संजय शर्मा, किरण शर्मा, तरूण तेवतिया,धरम चौधरी,सुभाष चौधरी,राजेश चौधरी,सुमित गौड़,शारदा राठौड़,केपी तेवतिया एडवोकेट,बैजू ठाकुर,राम किशन शर्मा,मुकेश राणा,अमित मदान,सुशील बंसल,विक्की डागर,वीरपाल धारीवाल,बीरेंद्र बंसल,लक्ष्मण बंसल,रोहित गुप्ता,अमित गुप्ता उपस्थित थे।



## रैपर हनुमानकाइंड की डेब्यू फिल्म राइफल क्लब की रिलीज डेट आई सामने, अनुराग कश्यप भी दिखाएंगे कमाल



लंबे इंतजार के बाद बहुप्रतीक्षित फिल्म राइफल क्लब की रिलीज डेट सामने आ गई है। फिल्म निर्माता आशिक अबू ने आधिकारिक तौर पर इसका एलान करने के लिए सोशल मीडिया पोस्ट का सहारा लिया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर फिल्म की पूरी कास्ट का एक पोस्टर साझा किया। साथ ही बताया कि राइफल क्लब 19 दिसंबर, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।

### राइफल क्लब की रिलीज से उठा पर्दा

आशिक अबू ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म की टीम का एक पोस्टर साझा किया। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, राइफल क्लब मूवी 19 दिसंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में। पोस्टर में विजयराघवन, दर्शन राजेंद्रन, विंसी एलोशियस, सुरेश कृष्णा, सुरभि लक्ष्मी, वाणी विश्वनाथ और विष्णु अगस्त्य शामिल हैं। दिलेश पोथन और मुख्य अभिनेत्री, उन्नीमाया प्रसाद को एक ईसाई दूल्हा और दुल्हन के रूप में दो कुत्तों को पकड़े हुए दिखाया गया है, जबकि फ्रेम में परिवार के अन्य सदस्य शराब के गिलास पकड़े हुए हैं।

### रैपर हनुमानकाइंड का अभिनय डेब्यू

बिग डॉग्स के साथ ग्लोबल म्यूजिक चार्ट में हिस्सा बनाने वाले रैपर हनुमानकाइंड उर्फ सूरज चेरुकट अब अभिनय की दुनिया में कदम रख रहे हैं। वह राइफल क्लब में भीरा नाम के शख्स का किरदार निभाने वाले हैं। उनके किरदार पोस्टर ने पहले से ही उत्साह पैदा किया हुआ है, जिसमें उन्हें बंदूक लहराते हुए दिखाया गया है।

अनुराग कश्यप भी हैं फिल्म का हिस्सा बॉलीवुड के जाने-माने निर्माता और अभिनेता अनुराग कश्यप भी राइफल क्लब में नजर आने वाले हैं। फिल्म में निर्देशक अनुराग कश्यप ने हनुमानकाइंड के पिता का किरदार निभाया है। बता दें कि राइफल क्लब के जरिए अनुराग कश्यप मलयालम सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म का निर्देशन आशिक अबू ने किया है, जो पहले वायरस, डैडी कूल, साल्ट एन पेपर, 22 फीमेल कोट्टायम, इडुक्की गोल्ड और मायानाधि जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं।



# सूर्या 45 में तृषा संग रोमांस का तड़का लगाएंगे सूर्या

साउथ सुपरस्टार सूर्या की 45वीं फिल्म का आधिकारिक एलान हो चुका है। निर्माताओं ने सूर्या 45 का पोस्टर जारी करते हुए जानकारी दी थी। इस फिल्म के निर्देशन की कमान आर बालाजी संभालेंगे। वहीं, अब अभिनेता की फिल्म पर नई जानकारी सामने आई है। अभिनेत्री तृषा कृष्णन को कथित तौर पर सूर्या के आगामी प्रोजेक्ट के लिए साइन किया गया है।

### दूसरी बाद साथ काम करेंगे सूर्या-तृषा

सूर्या 45 में एक बार फिर सूर्या और तृषा की जोड़ी बनेगी। यह लगभग दो दशकों के बाद उनका दूसरा सहयोग है। उन्होंने आखिरी बार 2005 की फिल्म आरू में साथ काम किया था। इस नई परियोजना का नाम अस्थायी रूप से सूर्या 45 रखा गया है, जिसका निर्माण ड्रीम वॉरियर पिक्चर्स द्वारा किया जाएगा।

### एआर रहमान तैयार करेंगे संगीत

प्रोडक्शन हाउस ने 20 नवंबर को इस सहयोग की घोषणा की। तृषा की पूर्व कमिटमेंट के कारण फिल्म की शूटिंग कोयंबटूर में नवंबर के अंत या दिसंबर की शुरुआत में शुरू होने की उम्मीद है। वहीं, इस फिल्म का संगीत ए.आर. रहमान द्वारा तैयार किया जाएगा। इस फिल्म में अब सूर्या और तृषा को एक साथ देखने के लिए प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। हालांकि, तृषा के फिल्म के कलाकारों में शामिल होने की खबरों पर आधिकारिक मुहर लगनी बाकी है।



कंगुवा ऑडियो लॉन्च के मौके पर आरजे बालाजी ने सूर्या को निर्देशित करने के बारे में अपनी उत्सुकता साझा की थी, जिनके वे कॉलेज के दिनों से प्रशंसक रहे हैं। उन्होंने बताया कि सूर्या का उन पर और स्क्रिप्ट पर भरोसा ही इस सहयोग का कारण बना, जबकि उन्होंने अन्य निर्देशकों को मना कर दिया था। कंगुवा को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिलने के बाद आरजे बालाजी की फिल्म के लिए काफी उत्सुकता है।

### सूर्या की आगामी फिल्म

वहीं, बात करें सूर्या की फिल्मों के बारे में तो उनकी हालिया रिलीज फिल्म कंगुवा सिनेमाघरों में चल रही है, जिसे ज्यादातर नकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिलीं। दरअसल, फिल्म को उनके जोरदार बैकग्राउंड म्यूजिक के कारण नकारात्मक समीक्षाएं मिलीं। वहीं, अब सूर्या की अगली रिलीज कार्तिक सुब्बाराज द्वारा निर्देशित एक तमिल फिल्म होगी, जो अभिनेता की 44वीं फिल्म होगी।



## राम पोथिनेनी की नई फिल्म में भाग्यश्री बोरसे को चुना गया

**राम पोथिनेनी बॉक्स ऑफिस पर बहुत बुरे दौर से गुजर रहे हैं। लगातार पांच फिल्में फ्लॉप होने के बाद अभिनेता टिकट खिड़की पर सफलता पाने के लिए पहले से कहीं ज्यादा बेताब हैं। ऐसे समय में जब अभिनेता कुछ राहत की तलाश में हैं, उन्होंने मिस शेट्टी मिस्टर पॉलीशेट्टी फेम निर्देशक पी महेश बाबू के साथ एक नई फिल्म साइन की है।**

महेश बाबू पी ने आखिरी बार अनुष्का शेट्टी अभिनीत मिस शेट्टी मिस्टर पॉलीशेट्टी का निर्देशन किया था, जो बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता थी। इस नए प्रोजेक्ट की एक विशेषता यह है कि इसे मशहूर मैत्री मूवी मेकर्स द्वारा पर्याप्त बजट पर बनाया जाएगा। प्रोजेक्ट को अंतिम रूप दे दिया गया है और निर्माताओं ने घोषणा की है कि फिल्म के लिए भाग्यश्री बोरसे को चुना गया है, जो आखिरी बार रवि तेजा के साथ मिस्टर बच्चन में नजर आई थीं। राम मेकओवर के लिए तैयार हैं, लेकिन इस बार अभिनेता देहाती बदलाव से गुजरेंगे, जिसे देख पता चलता है कि फिल्म एक देहाती ड्रामा होगी। काफी समय हो गया है, जब राम किसी गांव के नाटक का हिस्सा बने हैं और शायद यही वजह है कि उन्होंने एक देसी कहानी को चुना। प्रोडक्शन हाउस मैत्री मूवीज ने 19 नवंबर को नई फिल्म के लॉन्च की घोषणा की है। उन्होंने आधिकारिक हैंडल एक्स पर इसे पोस्ट किया है। कैप्शन में लिखा, अनटोल्ड इमोशन्स को फिल्माने की खूबसूरत यात्रा की शुरुआत। मिस शेट्टी मिस्टर पॉलीशेट्टी की सुपर सफलता से उत्साहित निर्देशक पी महेश ने कथित तौर पर एक देहाती ड्रामा लिखा है, जिसमें एक्शन की भरमार है। यह एक चरित्र-आधारित फिल्म है और राम इसकी शूटिंग शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। राम पहले त्रिविक्रम श्रीनिवास के साथ एक फिल्म करने वाले थे, लेकिन बजट के मुद्दों और रचनात्मक पहलुओं के कारण इस परियोजना को रोक दिया गया, तब से अभिनेता ने अपना ध्यान महेश की फिल्म पर केंद्रित कर लिया है।

## खुद को चुनौती देने जा रही हूं...

माधुरी दीक्षित को हाल ही में अनीस बज्मी की हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन और विद्या बालन के साथ देखा गया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। इसी बीच एक नए इंटरव्यू में माधुरी ने एक नए प्रोजेक्ट का संकेत देते हुए कहा कि वह इस साल खुद को चुनौती देंगी। अभिनेत्री के एलान ने उनके प्रशंसकों को काफी ज्यादा उत्साहित कर दिया है। एक हालिया इंटरव्यू में माधुरी दीक्षित ने साझा किया कि उनका अगला प्रोजेक्ट उनके दर्शकों को आश्चर्यचकित करेगा। अभिनेत्री ने कहा, मैं इस साल खुद को चुनौती देने जा रही हूं। मैं जल्द ही अपने अगले प्रोजेक्ट पर काम शुरू करने वाली हूं। यह कुछ बहुत अलग और चुनौतीपूर्ण है, कुछ ऐसा जो मैंने पहले नहीं किया है। इसी दौरान शाहरुख खान के साथ अपनी एक पुरानी तस्वीर पर प्रतिक्रिया देते हुए, माधुरी ने कोयला की शूटिंग के दिनों को याद किया। इससे पहले दोनों ने फिल्म अंजाम में स्क्रीन स्पेस साझा किया था। अभिनेत्री ने बताया, मैंने शाहरुख से कहा कि हम किस तरह की फिल्में कर रहे हैं? हम या तो एक-दूसरे को मार रहे हैं या खलनायकों से दूर भाग रहे हैं। हम बहुत गंदे और खून से सने कपड़ों वाले किरदारों में हैं। हमे एक साफ सुथरी, खूबसूरत और रोमांटिक फिल्म करनी चाहिए। इसी के बाद दिल तो पागल है बनी।



## खलनायक बन धमाल मचा सकते हैं जयम रवि

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक सुधा कोंगरा की पिछली फिल्म सोरारई पोटरु, ओटीटी पर काफी बड़ी हिट रही थी। इस फिल्म में साउथ के सुपरस्टार सूर्या ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया था, जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला। इस फिल्म के बाद सूर्या के सुधा की एक और पीरियड एक्शन फिल्म, पूरननूरु की घोषणा की गई थी, लेकिन बाद में सूर्या इससे बाहर हो गए थे। इसके बाद से ये फिल्म लगातार कलाकारों के बाहर होने की वजह से चर्चा में रही। एक बार फिर ये फिल्म चर्चाओं में शामिल हो गई है। कई सितारों के फिल्म से बाहर हो जाने के बाद अब ये चर्चा हो रही है कि फिल्म में जयम रवि बतौर खलनायक नजर आने की रेस में सबसे आगे हैं, जिसे पहले दुलकर सलमान निभाने वाले थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, रवि इस फिल्म का हिस्सा बनने के लिए सहमत भी हो चुके हैं। इसके अलावा फिल्म में श्रीलीला के मुख्य अभिनेत्री के रूप में नजर आने की भी अटकलें लगाई जा रही हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म 1960 के दशक की हिंदी विरोधी आंदोलन से संबंधित है।

बता दें कि कंगुवा अभिनेता सूर्या के साथ फिल्म के अन्य कलाकारों का खुलासा करते हुए एक मोशन पोस्टर भी जारी किया गया था, लेकिन बाद में सूर्या ने चौंकाते हुए इससे बाहर हो गए। इसके बाद फिल्म को अमरण अभिनेता शिवकार्तिकेयन के साथ दोबारा से शुरू किया गया। इस फिल्म में फिर मलयालम फिल्मों के मशहूर अभिनेता दुलकर सलमान, नाजरिया और विजय वर्मा भी शामिल हुए, लेकिन बाद में वो भी इससे बाहर हो गए।





## इम्तियाज अली ने कास्टिंग काउच पर कह दी बड़ी बात

मशहूर फिल्मकार इम्तियाज अली ने बॉलीवुड में कास्टिंग काउच से जुड़े मुद्दे पर हाल ही में अपनी राय जाहिर की। गोवा में आयोजित इफ्फी (इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया) के दौरान एक साक्षात्कार में उन्होंने इस धारणा पर अपने विचार रखा कि क्या व्यक्तिगत सीमाओं को पार करके फिल्म इंडस्ट्री में सफलता प्राप्त की जा सकती है? उन्होंने कहा, मैं फिल्म इंडस्ट्री में निर्देशक के तौर पर 15-20 साल से काम कर रहा हूं, इसलिए मैंने कास्टिंग काउच के बारे में काफी सुना है। एक लड़की आती है, डरती है और महसूस करती है कि उसे समझौता करना पड़ेगा। लेकिन मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि अगर कोई लड़की या महिला न नहीं कह पाती है, तो यह जरूरी नहीं कि उसका करियर आगे बढ़ने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसा नहीं है कि अगर कोई लड़की समझौता कर ले, तो उसे कोई रोल जरूर मिल जाएगा।

उन्होंने आगे कहा, अगर कोई लड़की नहीं कह सकती है और खुद को सम्मान देती है, तो तभी दूसरे भी उसका सम्मान करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कास्टिंग से संबंधित निर्णय अक्सर इस बात पर आधारित होते हैं कि क्या फिल्मकार उस व्यक्ति को गंभीरता से ले रहे हैं। इम्तियाज ने कहा, हम जैसे लोग अक्सर यह सोचते हैं कि क्या हमें उस व्यक्ति को गंभीरता से लेना चाहिए या नहीं। हमें उसे कास्ट करने से पहले उसका सम्मान करना चाहिए।

### समझौते से नहीं मिलती सफलता

इम्तियाज अली आगे अपनी बात को जारी रखते हुए कहा, समझौता करने से फिल्म इंडस्ट्री में सफलता मिलती है, यह एक मिथक है और इसे समझना जरूरी है। मेरे अनुभव में तो यह बिल्कुल उल्टा है। जो लोग समझौता करते हैं, वे अक्सर अपने करियर से भी समझौता कर लेते हैं।

वर्क फ्रंट की बात करें तो इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी फिल्म अमर सिंह चमकीला हाल ही में रिलीज हुई थी। इसमें दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा मुख्य भूमिका में नजर आए थे। नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई इस फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया था।

## जब जैकलीन फर्नांडीज ने सलमान खान को बताया परिवार, अब किक 2 में फिर से दिखेगी जोड़ी

जैकलीन फर्नांडीज एक बार फिर बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के साथ बहुप्रतीक्षित किक 2 में नजर आने वाली हैं। दोनों की जोड़ी को पर्दे पर पसंद करने वाले फैंस इस खबर से काफी ज्यादा रोमांचित हैं। बता दें कि एक समय जैकलीन ने सलमान खान को अपना परिवार बताते हुए कहा था कि वो उनके लिए कुछ भी कर सकती हैं। एक इंटरव्यू में, जैकलीन फर्नांडीज ने बताया था कि कैसे सलमान खान उनके लिए एक गुरु से परिवार बन गए। उन्होंने कहा था कि वह फिल्मों के चुनाव को लेकर आश्वस्त नहीं थीं, लेकिन तब सलमान के साथ किक में काम करना उनके लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ। उन्होंने कहा था कि फिल्म किक से उन दोनों के बीच का रिश्ता काफी मजबूत हुआ। बताते चलें कि सलमान किक 2 के अलावा अपनी आगामी फिल्म सिकंदर में भी नजर आने वाले हैं।

